तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

हिन्दी हमारी अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ एवं सशक्त माध्यम : पं. तिवारी

2



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 16 सितम्बर को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### अग्रसेन भवन में फ्री हेल्थ केम्प का आयोजन 17 को

**जांजगीर-चांपा।** महाराज अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर अग्रवाल समाज नैला जांजगीर एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में सर्व समाज हेतु निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन बुधवार 17 सितंबर को समय सुबह 10 से दोपहर 2 तक अग्रसेन भवन नैला जांजगीर में आयोजित किया गया है। उक्त फ्री कैंप में विशेष तौर पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के विशेषज्ञ वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ अमित वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि शर्मा हृदय रोग विशेषज्ञ डा एमपी सामल स्पाइस सर्जरी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा संकेत ठाकरे डॉ आकाश गर्ग जनरल फिजिशियन दो मंदार गोकाटे जॉइंट रिहैबिलिटेशन डॉ विक्रम साहू द्वाराअपनी सेवा देंगे। संजय केदार अग्रवाल, अजय अग्रवाल प्रेसिडेंट एमम बी पावर अनूपपुर द्वारा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत करवाया जा रहा है। अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष संजय भोपाल पुरिया ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### संघ लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा : 23 कर सकते है आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफल होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रदेश के अभ्यर्थियों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी 23 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

### लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए 17 से 19 तक शिविर का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** महालेखाकार रायपुर के द्वारा सामान्य भविष्य निधि क्रेडिट व डेबिट अनपोस्ट, डोरमेंट, मिसिंग केडिट एवं सेवानिवृत्त, मृत शासकीय सेवकों का पीएफ अप्राप्त के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने हेतु 17 से 19 सितम्बर तक कुल 3 दिवस का जिला कोषालय जांजगीर में शिविर आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त संबंध में सर्व संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियो को जिला कोषालय द्वारा लंबित प्रकरणों की सूची सहित निराकरण हेतु सूचित किया गया है।

### बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही का मामला

# शराब पीने के बाद दो युवक की मौत, जहर मिलाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बिर्रा





करही में शराब पीने के बाद दो युवकों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सारंगढ रेफर कर दिया गया। सारंगढ़ अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शराब में जहर मिलाए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस जांच में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में रहने वाले 30 वर्षीय सूरज यादव और 38 वर्षीय मनोज कश्यप ने सोमवार 15 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे एक साथ बैठकर शराब पी। दोनों ने सुपर ग्रिप्सी नामक ब्रांड की शराब का सेवन किया। शराब पीने के कुछ ही मिनटों में दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी। दोनों अचेत होकर गिर गए। जब कुछ ग्रामीणों की नजर पड़ी तो परिजनों को जानकारी दी गई। इसके बाद आनन फानन में दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। सूरज और मनोज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल सारंगढ़ जिला के अस्पताल रेफर कर दिया गया। सारंगढ़ अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही अनुविभागीय पुलिस अधिकारी चांपा यदुमणि सिदार पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना कर थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू को दिशा निर्देश दिए । इसके साथ ही परिजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात की। वही बिर्रा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। जहर मिली शराब के सेवन से दोनों के मौत की आशंका जताई जा रही है। सारंगढ़ में ही दोनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मनोज कुमार कश्यप घर का कमाने वाला सदस्य था। घर में उनकी पत्नी दो लड़की, एक लड़का हैं। वही सूरज यादव भी एकलौता कमाऊ बेटा था उनके परिवार में उसकी पत्नी,माता-पिता मौजूद है। सूरज यादव के खत्म होने से उनके घर का चिराग बुझ गया है।

### परिजन का आरोप, अवैध शराब बना मौत का कारण, जांच की मांग

इस मामले में मृत युवकों के परिजनों ने अवैध शराब बिक्री के कारण मौत का आरोप लगाया है। साथ ही गांव में अवैध शराब-बिक्री करने वालें पर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गांव में अवैध शराब-बिक्री करने वालें से दोनों युवकों ने सुपर ग्रिप्सी नामक बांड का गोवा खरीदा फिर पीते ही दोनों अचेत हो गये,अवैध शराब बिक्री करने वालों शराब में कुछ मिलकर देने का आरोप परिजन लगा रहे है। आबकारी विभाग की टीम भी ग्राम करही पहुंचकर जांच कर रही है।

### जांच में जुटी टीम

दोनों युवकों ने एक साथ मिलकर शराब पी थी। इसके बाद तबीयत बिगड़ने पर सारगढ अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सारंगढ़ में ही पोस्टमार्टम होगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम गांव पहुंचकर जांच में जुट गई है।

-विजय पाण्डेय,
एसपी, जांजगीर चांपा

## टला हादसा...



**जांजगीर-चांपा।** मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम छपोरा में 14 सितंबर की बीती रात लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने के पान ठेला में घुस गया। इस हादसे से किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन पान ठेला को काफी नुकसान पहुंचा है।

# फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से निकाल लिए 8 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रिटायर्ड आर्मी जवान के बेटे एवं उसके दो साथियों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम गिधौरी का है।

**खास बात**
- तीन आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज, सक्ती थाना क्षेत्र का मामला




इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमर सिंह कंवर आर्मी से रिटायर हुआ है। सक्ती के भारतीय स्टेट बैंक में रिटायर्ड कर्मचारी एवं उसकी पत्नी का संयुक्त खाता है। उसके बेटे अरमान सिंह कंवर एवं साथी राकी महिलांगे, लाभेश साहू के द्वारा अलग अलग तारीखों पर फर्जी हस्ताक्षर कर 8 लाख रुपए आहरण कर लिया गया। अमर सिंह कंवर को जब इसकी जानकारी मिली, तब उसके होश उड़ गए। उसने थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3) , 338, 340 (2) , 61(2) के तहत अपराध कायम किया गया।

# इच्छा मृत्यु पत्र पर हस्ताक्षर अभियान चला रहे एनएचएम के संविदा कर्मचारी




हडताल में शामिल एनएचएम के संविदा कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे एनएचएम के संविदा कर्मचारी इच्छा मृत्यु के पत्र पर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है। इधर कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे होने के चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है।

गौरतलब है कि 18 अगस्त से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रदेश में जारी है। शासन प्रशासन एवं एन एच एम कर्मचारियों के बीच अभी तक बातचीत के कई दौर हुए हैं परंतु समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। जिस कारण आंदोलन अभी भी जारी है। पुनः एक बार सभी को चेतावनी पत्र जारी कर कहा गया है कि वह हड़ताल समाप्त करें अन्यथा उनकी भी बर्खास्तगी की जाएगी। इधर जिला मुख्यालय के हॉकी मैदान पर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार 15 सितंबर को भी जारी रही। इस दौरान हड़ताली संविदा कर्मचारियों ने इच्छा मृत्यु के पत्र पर हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया है। बताा जाता है कि आने वाले दिनों में इस पत्र को राज्यपाल के पास भेजने की तैयारी चल रही है। आंदोलन के दौरान कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉ कार्तिक बघेल निल यादव पार्थ प्रताप सिंह अमित शुक्ला डॉक्टर सुशील सिंह आरके दिवाकर गीतेश चंद्रमणि शंकर जायसवाल, देव देवांगन, मयूरी नाग राजेंद्र निराला बुद्धेश्वर लहरें आदि उपस्थित रहे।

### 100 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** बनारी के सबरिया डेरा में दबिश देकर 2 आरोपियों के कब्जे से 100 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। वहीं आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला सिटी कोतवाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तथा थाना जांजगीर पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध रेड कार्यवाही की गई। बनारी के सबरियाडेरा निवासी कृष्णा गोड उम्र 23 साल के कब्जे कुल 60 लीटर महुआ शराब तथा गोपाल गोड उम्र 35 साल के कब्जे 40 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 20 हजार रुपये बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 15 सितबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर, एएसआई नरेंद्र डीक्सेना का योगदान रहा।



# स्वावलंबन की राह अपनाने और महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़ने दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धनुहार समाज की महिलाओं को स्व रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने पुलिस कप्तान द्वारा प्रशिक्षण कार्य से जोड़ा गया है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके।

ज्ञात हो कि सोमवार 15 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की पहल पर अकलतरा क्षेत्र के ग्राम चंगोरी में धनुहार समाज के महिलाओं को बिहान योजनाओं के तहत जुड़वाकर, कृषि विज्ञान केंद्र में स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों महिला कमांडो व अकलतरा पुलिस के द्वारा धनुहार समाज के महिलाओं के खेतों भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया था। इसी के तहत अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने की राह को छोड़ने एवं स्वावलंबन की राह अपनाने के लिए महिलाओं को साबुन, डिटर्जेंट, अगरबती बनाने एवं मत्स्य पालन की प्रशिक्षण कराया गया है। पुलिस द्वारा सबरिया समाज के अलावा धनुहार समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास भी किए जा रहे हैं। सामाजिक पुलिसिंग के अंतर्गत सबरिया समाज एवं धनुहार समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा इसके पूर्व सबरिया समाज के लोगों को सामूहिक रूप से चर्चा किया गया। समाज के लोगों द्वारा एकमत होकर अवैध शराब बिक्री जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होने, लोगों को स्वरोजगार, कौशल विकास और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की योजना लागू की

- पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय द्वारा छेड़ी गई है मुहिम

### श्रम विभाग ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में रजत जयंती महोत्सव सप्ताह के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा के.एस. के. जे.एस. डब्ल्यू महानदी पावर प्लांट अकलतरा में श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 288 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान श्रमिकों को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान श्रमिकों को स्वास्थ्य जागरूकता तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहे।

# महापुरूष के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

महापुरुष के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा क्षेत्र के ग्राम घिवरा निवासी ईश्वर प्रसाद कश्यप उम्र 27 वर्ष द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी किया था। जिस पर आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 299, भारतीय न्याय संहिता, 66 डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी अजीत कुमार कश्यप के द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप में भारत के महापुरुष संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा 14 सितंबर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

### नगर पंचायत के सामने 19 लाख की लागत से किया गया है निर्माण

# पांच माह से लोकार्पण की बाट जोह रहा अटल परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नगर पंचायत पामगढ में बनाया गया अटल परिसर लोकार्पण की बाट जोह रहा है। अटल परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण हुए पांच माह हो चुका है, लेकिन लोकार्पण को लेकर तिथि स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

राज्य की भाजपा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में अटल परिसर के नाम पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा को स्थापित करने का आदेश किया गया था। टेंडर भी जारी किया है और सभी जगह निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। नगर पंचायत पामगढ़ में भी कार्यालय के सामने अटल परिसर का निर्माण के लिए 19 लाख 56 हजार की मंजूरी हुई थी। मेसर्स गजानंद साहू को निर्माण कार्य का ठेका मिला और ठेकेदार ने मार्च महीने में ही कार्य पूर्ण कर लिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के साथ ही चबूतरा और सजावट का काम पूर्ण हुए पांच माह बीत चुके हैं, लेकिन अटल परिसर का लोकार्पण नही हो पा रहा है । जिसके कारण परिसर में घास फूस उग आए हैं और प्रतिमा का रख रखाव भी नही हो पा रहा है। जिससे मूर्ति का सौंदर्य भी प्रभावित हो रहा है। अन्य स्थानों पर अटल परिसर का लोकार्पण हो चुका है, लेकिन नगर पंचायत पामगढ के अधिकारी और जनप्रतिनिधि लोकार्पण के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। इस संबंध में ठेकेदार ने बताया कि उनके द्वारा मार्च महीने में ही कार्य पूर्ण की सूचना नगर पंचायत अधिकारी को दे दी गई है । उसके बाद भी लोकार्पण के नाम पर 6 महीने से उनकी 5 लाख रूपये की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने भी जल्द जल्द लोकार्पित करने की मांग की है।




पामगढ़ में बना अटल परिसर।

### दे चुके है जानकारी

कार्य पूर्णता की सूचना शासन स्तर पर दी जा चुकी है। ऊपर से जो तिथि तय की जायेगी, उस दिन लोकार्पण कर दिया जाएगा।

- बृजमोहन परस्ते,
प्रभारी सीएमओ, नपं पामगढ़

# छेड़छाड़ व आबकारी एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



छेड़छाड एवं आबकारी एक्ट के तहत फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम पिहरीद का है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 25 जुलाई को प्रार्थिया अपने घर अंदर सोयी थी, दरवाजा बंद नहीं था तभी आरोपी चंद्रभूषण चंद्रा घर अंदर घुस कर जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान उसके चिल्लाने पर आरोपी भागने लगा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। परिपालन में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा था , मुकबिर लगाया गया था की आरोपी अपने घर में आ कर छुपा है। आरोपी के घर ग्राम सिंघरा जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े जिसे पूछताछ करने पर उपरोक्त अपराध धारा घटित करना स्वीकार किया। बताया जाता है कि पूर्व में वह शराब बेचने के अपराध में कायम किया गया था। जिस पर आरोपी को 15 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुशंसा पर विकास कार्यों के लिए 32 लाख स्वीकृत



**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी की अनुसंशा पर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के वित्त वर्ष 24-25 के बजट से तीन ग्राम पंचायतों पचरी में 8.4 लाख, साजापाली में 6.4 लाख, कोटमी सोनार में 18 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृति सहित राशी भी जारी कर दी गई है। इंजी. मिरी वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ-साथ अनु. जाति विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण छ. ग. शासन के सदस्य भी है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जानकारी देते हुये बताया है की छत्तीगढ़ में विष्णुदेव साय की सुसाशन सरकार में लगातार अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों का विकास हो रहा है। अभी पिछले महीने ही अनु. जाति विकास प्राधिकरण की बैठक लेने मुख्यमंत्री का जांजगीर चाम्पा जिले का प्रवास करना और छत्तीसगढ़ के अनु जाति वर्ग के विकास हेतु आगामी बजट में बढोत्तरी कर 75 करोड़ करना, साथ ही सतनामी समाज के पवित्र धाम गिरोदपुरी के विकास के लिये अतिरिक्त 2 करोड़ की घोषणा, 16 करोड़ से अधिक की राशि भंडारपुरी धाम के विकास हेतु, 15-15 लाख रूपये पायलट के प्रशिक्षण हेतु सहयोग राशी सहित अनेकों योजनाओं के माध्यम से अनु. जाति वर्ग के विकास के लिये उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पेशे से इंजिनियर रहे इंजी. सत्यलता क्षेत्र में बहुत ही सक्रीय रहती है, एक शिक्षित महिला होने के नाते उनको क्षेत्र की समस्याओं और उनकी जरूरतों को समझने और शासन तक सही जानकारी पहुचाने में उनकी सक्रियता सराहनीय है। लगातार क्षेत्र में औचक निरिक्षण करना, संगठन और ग्रामों के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विष्णुदेव साय राज्य सरकार और नरेन्द्र मोदी के केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने में लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सम्बंधित विभागों से प्रगति की समीक्षा करना जैसे सक्रीय कार्य करती आ रही है।

### व्यापारिक संघ के मनोज अध्यक्ष व सुमित बने सचिव



**अकलतरा।** नगर के जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला व्यापारिक संघ की बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से मनोज अग्रवाल अध्यक्ष, चंद्रशेखर पांडेय उपाध्यक्ष, सुमित केडिया सचिव, अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी सहसचिव, राजकुमार श्रीवास, आशीष तोमर, वीरेंद्र कुमार रावलानी व संजय चंदवानी कार्यकारी सदस्य नियुक्त हुए। व्यापारी संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों के समस्याओं का समाधान करने एवं व्यापारियों को एकजुट करके उनके हित में कार्य करने ईमानदारी से हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से डॉ.बोधीराम साहू सम्मानित



**जांजगीर-चांपा।** शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय सम्मान 2025 का आयोजन वृंदावन सिविल लाइन रायपुर में आयोजित हुआ। जिसमें शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा, मंच संचालन में उल्लेखनीय कार्य व प्रतिभा पर डॉ.बोधी राम साहू को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 राष्ट्रीय सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, दुपट्टा से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा,समाज सेवा की भावना,साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन, शिक्षा प्रदेयो, महनीय शोध कार्य, सुदीर्घ हिंदी सेवा, छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को संवर्धित करने,राष्ट्र परिवार, साहित्य और समाज के प्रति समर्पण, प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है। इसके अलावा राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 298 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है। इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन, डा.राघवेंद्र राठौर, बसंत चतुर्वेदी, प्रमोद आदित्य, सत्येंद्र सिंह, विजय प्रधान, विजय यादव, जे. सी. साहू, दिलीप साहू, केशव साहू, रामरतन साहू सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

निराला साहित्य मंडल एवं महिला मंडल ने हिन्दी दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

# हिन्दी हमारी अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ एवं सशक्त माध्यम : पं. तिवारी



हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

निराला साहित्य मंडल एवं महिला मंडल चांपा के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निराला साहित्य मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने की। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक पं. हरिहर प्रसाद तिवारी एवं कोषाध्यक्ष पं. रामगोपाल गौराहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम मंडल के प्रधान सचिव के निवास त्रिवेणी भवन तहसील रोड चांपा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं निराला के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुआ। मंडल के सचिव डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने सभी उपस्थितों के साथ समवेत स्वर में सरस्वती वंदना का पाठ किया। डॉ द्विवेदी ने अपने संचालन उद्बोधन में कहा कि हिंदी की महिमा अपार है, यह संस्कृति की पहचान है, शब्दों में जीवन रस भरती, हिंदी जन-जन की जान है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यह न केवल भारत में, बल्कि विश्व के कई देशों में बोली और समझी जाती है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए और इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। हिंदी को अपनी बोलचाल और लेखन में प्रमुखता देकर इसे और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजेश अग्रवाल ने कहा कि निराला साहित्य मंडल का उद्देश्य हिंदी साहित्य एवं भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ नई पीढ़ी को हिंदी साहित्य से जोड़ना है। हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमें अपनी मातृभाषा के उत्थान के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। मुख्य संरक्षक एवं प्रमुख प्रवक्ता पं. हरिहर प्रसाद तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है। इसे और सशक्त बनाने के लिए हमें इसे रोजमर्रा की भाषा में अपनाना चाहिए। यह हमें आपस में जोड़ती है और हमारे विचारों को सशक्त रूप में प्रस्तुत करती है। अपने उद्बोधन में श्री तिवारी ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों को जोड़कर एक ही शब्द के अनेक अर्थ बताकर हिंदी की व्यापकता को स्पष्ट किया, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया। पं. रामगोपाल गौराहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी भाषा हमारी अस्मिता और पहचान का हिस्सा है। इस भाषा ने भारतीय समाज को सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। हमें हिंदी को सिर्फ किताबों और मंचों तक सीमित न रखकर, जीवन के हर क्षेत्र में इसका उपयोग करना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे अगली पीढ़ी तक भी पूर्ण आत्मविश्वास के साथ पहुंचाएं। डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारी धरोहर है और इसे संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपनी भाषा का सम्मान करना चाहिए और इसे अपने दैनिक जीवन में प्रमुखता से स्थान देना चाहिए। वैश्वीकरण के दौर में भी हिंदी की महत्ता बनी रहे, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। श्रीमती संगीता अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी आत्मा की भाषा है, यह हमें जड़ों से जोड़ती है। यदि हम अपनी संतानों को हिंदी बोलने और लिखने के लिए प्रेरित करेंगे तभी यह भाषा सशक्त बनेगी। हमें अंग्रेज़ी या अन्य भाषाओं से कोई विरोध नहीं, परंतु हिंदी को भूलना अपने अस्तित्व को भूलना है। यह दिवस हमें अपनी मातृभाषा की गरिमा और गौरव की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती अंजलि देवांगन, श्रीमती गीता केशव सोनी, श्रीमती शर्मिष्ठा कंसारी, श्रीमती कविता देवांगन, शिक्षक एवं साहित्यकार भुवनेश्वर देवांगन ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी ने हिंदी के प्रति अपना समर्पण और इसे सशक्त बनाने के लिए आवश्यक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी ने उपस्थित सभी अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ज्ञानोदय स्कूल में हिंदी दिवस पर व्याख्यान आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में हिंदी दिवस मनाया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र - छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रभारी हिंदी शिक्षिका रीनू राठौर ने अपने व्याख्यान में कबीर दास के समाज सुधारक दोहे गायन कर छात्र- छात्राओं को हिंदी दिवस के विषय में अवगत कराया गया। हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में राजभाषा के रूप स्वीकार किया। तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी भाषा के गौरव और सम्मान के लिए हिंदी दिवस मनाते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हिंदी हमारी राजभाषा, मातृभाषा और संस्कृति की पहचान है। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करना और छात्रों व युवाओं में अपनी भाषा के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। हिंदी दिवस हमें यह सिखाता है कि हमें हिंदी का सम्मान करना चाहिए, अधिक से अधिक लिखने और पढ़ने में इसका प्रयोग करना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी महत्ता पहुंचानी चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव द्वारा बताया गया कि हिंदी भाषा न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और इतिहास का भी प्रतीक है। भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है, जहां अलग-अलग धर्म, संस्कृति और भाषाएं एक साथ मिलकर एकता का उदाहरण पेश करती हैं। इन्हीं में से हिंदी वह भाषा है, जो पूरे देश को जोड़ने का काम करती है। हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा की आत्मा है। इस दिवस के माध्यम से, हम हिंदी भाषा के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को प्रकट करते हैं। साथ ही छात्र- छात्राओं ने भी हिंदी दिवस में सुमधुर कविता गायन कर कार्यक्रम को सफल बनाये में अपना सहयोग प्रदान किया।



## हिन्दी हमारी आत्मा की आवाज व संस्कृति का अभिमान

**नवागढ़।** पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में हिंदी दिवस हिन्दी विभाग द्वारा उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संचालक विनोद अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राजेश शर्मा, उप प्राचार्य सुश्री नेहा मिश्रा एवं आई क्यू ए सी प्रभारी श्री तेरस राम दिनकर उपस्थित थे। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रयोग से हमारी पहचान मजबूत होती है।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा की महत्ता और उसके संवर्धन पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन विमल मधुकर के द्वारा किया गया तथा निर्णायक मंडल ने प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वाचन प्रतियोगिता में मानसी प्रथम, आरती कुर्रे द्वितीय व राजेन्द्र तृतीय स्थान प्राप्त किए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियंशा प्रथम तथा निबन्ध लेखन में चेतन प्रथम, अमीषा द्वितीय व दिनेश तृतीय स्थान प्राप्त किए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और यह संकल्प लिया गया कि हिंदी के प्रयोग और संरक्षण की दिशा में सभी विद्यार्थी निरंतर प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण सुश्री यशोदा शांते (विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग),श्रीमती प्रीति देवांगन, सुश्री मालती बंजारे, श्रीमती लक्ष्मीन, सुश्री कविता, अनुभव साहू, अखेंद्र जांगड़े, आलोक चंद्रा, दीपक चंद्रा, जोहित कश्यप, शिवरात्रि साहू, आरथो कमल प्रसाद, सुश्री रजनी साहू एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।




# दुर्गा पूजा उत्सव के लिए डिप्टी सीएम को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डिप्टी सीएम अरुण साव को नैला जांजगीर दूर्गा पूजा उत्सव ने कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया।

दूर्गा पूजा उत्सव नैला जांजगीर ने विभिन्न विकास कार्यो के शिलान्यास कार्यक्रम मे जांजगीर पहुंचे प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव को नैला जांजगीर दूर्गा पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष व माता रानी के सेवक राजेश पालीवाल के नेतृत्व मे वरिष्ठ भाजप नेता प्रशांत सिंह ठाकुर के निवास मे भेंट कर कार्यक्रम मे आमंत्रण देकर शामिल होने का आग्रह किया। उनके साथ में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, समाजसेवी प्रदीप गोयल, मनोज गुप्ता, किशोर गुप्ता, विक्रम पालीवाल, संदीप शर्मा, प्रदीप सोनी, अमित मितल, अंकित बसाईवाल, संजय भोपालपूरिया सहित माता रानी के अनेक सेवक उपस्थित रहे।



डिप्टी सीएम अरुण साव को आमंत्रण पत्र देते दूर्गा पूजा उत्सव समिति के पदाधिकारी।

# राष्ट्रीय रजक महासंघ की जिला स्तरीय बैठक

**अकलतरा।** राष्ट्रीय रजक महासंघ की जिला स्तरीय बैठक ग्राम रसेड़ा में समाज के वरिष्ठ फगुआ राम निर्मलकर के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय रजक महासंघ जांजगीर के जिला अध्यक्ष पित्रेश उजागर की अध्यक्षता व प्रदेश संरक्षक ज्ञान सिंह निर्मलकर, प्रदेश महासचिव निलेश नर्मदा रजक, संभागीय प्रवक्ता लव निर्णेजक, जिला सचिव श्रवण निर्मलकर, पूर्व संभागीय सचिव जलधार निर्मलकर के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई।

राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे महाराज ने कहा है शिक्षित बनो, अपने बच्चों को पढ़ाओ, भोजन एक बार करना पड़े तो करें परंतु अपने बच्चों को पढ़ाओ संत गाडगे महाराज के उक्त कह गए कथन से स्पष्ट है कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास का जड़ है हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है शिक्षा से ही हम समग्र विकास की ओर आगे बढ़ सकते हैं। जिला अध्यक्ष पित्रेश उजागर के द्वारा बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिभा एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। समाज के सदस्य इस आयोजन की सफलता के लिए तन मन एवं धन से जुट जाएं। कार्यक्रम को नीलेश नर्मदा रजक ,फगुआ निर्मलकर , जलधार निर्मलकर, डॉ श्याम निर्मलकर, श्रवण निर्मलकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संभागीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी लव निर्णेजक ने एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष पित्रेश उजागर ने किया। इस दौरान गोपाल निर्मलकर को जिला संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी व सरपंच ग्राम पंचायत झलमला काशीराम निर्मलकर को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में श्याम निर्मलकर, प्रभु निर्मलकर, भूरा निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर एवं समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों का मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- चंद्रशेखर मिर्चन्य अध्यक्ष एवं आशीष बंजारे बनाए गये सचिव

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज अकलतरा ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों का मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले के मुख्य आतिथ्य ,सहसचिव दिनेश बंजारे मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्यामलाल सितारे एवं डीपी मनहर के निर्देशन में सर्वसम्मति से किया गया।

इस दौरान चंद्रशेखर मिर्चन्य को अध्यक्ष, विजय खांडेल, सुरेश कुमार टंडन, एवन कुमार भारद्वाज, श्रीमती रजनी डहरिया को उपाध्यक्ष, आशीष बंजारे को सचिव, उमाकांत भारते को कोषाध्यक्ष, महेश रात्रे को सहसचिव, राजकिशोर धिरही को प्रवक्ता एवं चंद्रशेखर कोशले को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। ब्लॉक के शेष पदाधिकारी एवं ब्लॉक के युवा प्रकोष्ठ ,महिला प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ, साहित्य प्रकोष्ठ का गठन ब्लॉक पदाधिकारीगण करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रदेश में गठन के उद्देश्य को विस्तार से बताया और लोगों से अपील की की प्रदेश के सबसे बड़े संगठन से जुड़कर समाज हित में बेहतर कार्य करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदेश सह-सचिव दिनेश बंजारे ने संस्था की नियमावली के अनुसार चुनाव की प्रक्रिया को लोगों को बताया समझाया और निर्विरोध ब्लॉक पदाधिकारी बनाने लोगों से अपील की ताकि समाज में अच्छा संदेश जाए। एस आर बांधे ने कहा समाज से बड़ा कोई पार्टी नहीं होता अगर सामाजिक पदाधिकारी कोई बनता है तो पार्टी में लाभ लेने के उद्देश्य से न बने समाज सेवा का जज्बा भी होनी चाहिए। डमरू प्रसाद मनहर ने अपने उद्बोधन में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की उपलब्धि उनके संगठनात्मक ढांचा पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शांति देवी भारते, राजेश्वर पाटले, मोतीलाल कुर्रे, संतोष बंजारे,के आर टांडे, पदुमलाल महिपाल,वेंकट रमन पाटले, नरेंद्र डहरिया, रिया केसर, रमा ओग्रे,बृजेश राय, सूरज भारती, शनि सूर्यवंशी, सागर केसरवानी, अनिल मिरी, तरुण डहरिया, विकास भारद्वाज, शशि भार्गव, शैलेंद्र कुमार रात्रे ,अनिल भास्कर, पंकज कुर्रे, धीरेंद्र कुमार जांगड़े, विकास ओग्रे तथा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



उपस्थित नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं अन्य।

### नाम परिवर्तन सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं रिद्धी मखीजा, पिता नीरज मखीजा, जाति-सिक्ख, निवासी थाना रोड अकलतरा, थाना व तहसील अकलतरा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) की निवासिनी हूं। मेरे आधार कार्ड क्र. 3905 8864 1243 में मेरा नाम "मिन्टी पिता नीरज मखीजा" दर्ज है तथा मैं इसी नाम से जानी जाती थी । चुंकि अब मैं अपना नाम परिवर्तन कर नया नाम "रिद्धी मखीजा पिता नीरज मखीजा" रख ली हूं। अत: अब से मुझे "रिद्धी मखीजा पिता-नीरज मखीजा" के नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इनफेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लैडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# ओ रोमियो का सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला लुक खुद शाहिद ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। शाहिद कपूर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें शाहिद काउबॉय हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नाना पाटेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म 'ओ' रोमियो' 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## लाइफ Style

# कृति
## उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पहले टैटू की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। कृति के इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने अपना रिएक्शन शेयर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने आज इंस्टाग्राम पर अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि वह यह काम कभी नहीं करने वाली थीं, लेकिन उन्होंने अपने बाएं पैर में एक उड़ती हुई चिड़िया का टैटू गुदवाया लिया है। इन सभी शानदार तस्वीरों को कृति ने इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। कृति ने लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा करूंगी, लेकिन कभी नहीं कहना। बस अभी-अभी टैटू बनवाया है। एक वादा पूरा हुआ। एक अनुस्मारक कि मैं ऊंची उड़ान भर सकती हूं.. सूर्योदय तक।' कृति की इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। 'आगे कृति सेनन ने लिखा, 'उन सभी के लिए जिनकी आंखों में सपने हैं...वह छलांग लगाओ जिससे आप डरते हैं..यह आसान नहीं हो सकता है, लेकिन आपको अपने पंख मिल जाएंगे, आपको अपने लिए मिल जाएगी, आप उड़ना सीख जाएंगे।' आगे कृति ने टैटू मेकर को धन्यवाद भी लिखा। कृति सेनन जल्द ही फिल्म 'तेरे इश्क में' (Tere Ishq Mein) नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल. राय ने किया है। इस फिल्म में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# न्यूयॉर्क फैशन वीक... में लिया हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं। वजह है उनका देसी अंदाज, जिसे वो न्यूयॉर्क फैशन वीक में नहीं भूलीं। उन्होंने सभी को 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनके साथ निक जोनस भी थे। प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस ने ना सिर्फ न्यूयॉर्क फैशन वीक इवेंट में हिस्सा लिया, बल्कि कपल गोल्स भी सेट किए। दोनों इवेंट में हर तरफ छा गए। प्रियंका ने यहां भी अपना 'देसीपन' नहीं छोड़ा।




# मनी हाइस्ट से पॉपुलर हुआ बेला चाओ सॉन्ग

**लॉस एंजिल्स।** चार्ली किर्क की हत्या के मामले में अन्य गोली भी मिली, जो इस्तेमाल नहीं हुई, इस पर ही सॉन्ग 'बेला चाओ' लिखा था, यह इटेलियन सॉन्ग विरोध करने के लिए इस्तेमाल होता है। दमन करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कई वर्षों से इस गाने का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताते चलें कि 'बेला चाओ' 19वीं सदी का पॉपुलर इटेलियन सॉन्ग है। साल 2017 में सीरीज 'मनी हाइस्ट' में भी इस गाने को इस्तेमाल किया गया है। एक बैंक से रुपए चोरी करने की कहानी इसमें दिखाई गई थी। लेकिन, इस पैसे का इस्तेमाल चोर, अच्छे कामों के लिए करते हैं। मनी हाइस्ट के अलावा गाना बेला चाओ एक वीडियो गेम फर्स्ट पर्सन शूटर गेम फॉर क्राई 6' में भी सुनने को मिला था। 19वीं सदी में इटली में मजूदरों ने यह गीत सत्ता के विरोध में गाया था।



# लव सोनिया ने की बदलाव की शुरुआत

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लव सोनिया' के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म के बारे में लिखा, ' फिल्म 'लव सोनिया' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं। आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। सोनिया ने मुझे हिम्मत, आवाज और सिनेमा में एक परिवार दिया। इस सफर को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। मैं ऐसी और कहानियां सुनाने की कोशिश करती रहूंगी, जो प्रेरित करें और बदलाव लाएं।'



# तू मेरी मैं तेरा में कार्तिक अनन्या की जोड़ी

**मुंबई।** इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा। । कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो'में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी।

## टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो : सीजन के आखिरी एपिसोड में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने इस सीजन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा होस्टेड इस टॉक शो के पिछले दो सीजन में 13-13 एपिसोड रहे थे, लेकिन तीसरे सीजन में मेकर्स ने 14 एपिसोड रखे हैं और आखिरी एपिसोड अगले शनिवार को नेटफ्लिक्स पर रात 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बतौर मेहमान नजर आएंगे और सामने जज की कुर्सी पर विराजमान होंगे नवजोत सिंह सिद्धू। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आखिरी एपिसोड में जमकर मौज-मस्ती होने वाली है और मेकर्स एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाले हैं जो इस सीजन को बाय-बाय कहना और भी मुश्किल बना देगा। अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को प्रमोट करने के लिए शो पर पहुंचेंगे। कपिल और अक्षय की जोड़ी काफी फनी है और हर बार की तरह इस सीजन में भी अक्षय कुमार जब स्टेज पर होंगे तो वही होस्ट की पोजिशन संभालेंगे। इतना ही नहीं सीजन के आखिरी एपिसोड में होस्ट अक्षय होंगे और मेहमान सभी कॉमेडियन्स। यानि अक्षय कुमार कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा और सुनील ग्रोवर के साथ कई सारे गेम्स खेलेंगे और खूब सारे सवाल भी पूछेंगे। कॉमेडियन्स के लिए जहां यह थोड़ा मुश्किल होने वाला है, वहीं दर्शकों को लिए इस एपिसोड में ढेर सारा फन होगा।

## अभिषेक-शहबाज में हुआ झगड़ा, हाथापाई तक पहुंची बात

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 में बीती रात दो खिलाड़ियों ने गुस्से में हद पार कर दी। अभिषेक बजाज और शहबाज बदेशा के बीच हाथापाई हो गई। शो के इस सीजन का यह अभी तक का सबसे बड़ा झगड़ा है जिस पर माना जा रहा है कि बिग बॉस कुछ सख्त एक्शन लेंगे। किचन में अमाल मलिक और कुनिका के बीच बहस से शुरू हुआ यह मुद्दा देखते ही देखते इतना तूल पकड़ गया कि इसमें अभिषेक और शहबाज भी शामिल हो गए और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई। अभिषेक बजाज और अमाल मलिक बीती रात कुनिका के साथ बहस कर रहे थे, जिसमें सीनियर एक्ट्रेस ने कहा- रिस्पेक्ट मत करो अगर दिल में ना हो। इस पर अभिषेक ने जवाब दिया कि रिस्पेक्ट कमानी होती है। जहां अमाल मलिक को अभिषेक बजाज सपोर्ट कर रहे थे, वहीं कुनिका का बचाव करने के लिए शहबाज बदेशा आगे आ गए। शहबाज ने कहा कि दिन में तुम हलवा मांगते हो उनसे खाने को और अब ऐसी बातें।



# बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगे अक्षय और परेश 19 सितंबर को इन तीन फिल्मों का होगा क्लैश

**मुंबई।** 19 सिंतबर को बॉक्स ऑफिस पर तीन बॉलीवुड फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3, परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी और अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का नाम शामिल है। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर परेश रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब अपने ही लोग हैं।

***क्लैश को लेकर क्या बोले परेश रावल :*** परेश रावल ने क्लैश को लेकर बात करते हुए कहा, 'सब हमारे ही लोग हैं, सबकी पिक्चर चले।' परेश रावल की बात करें तो वो अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। वो हेरा फेरी 3 में भी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल अनुराग कश्यप द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म नो स्मोकिंग में भी अहम किरदार निभा चुके हैं।




***अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी :*** परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की बात करें तो ये फिल्म रविंद्र गौतम ने डायरेक्ट की है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म में परेश रावल महंत अवैद्यनाथ का किरदार निभाएंगे।

***जॉली एलअलबी 3 :*** जॉली एलएलबी 3 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को सुभाष कपूर ने डायरेक्ट किया है।

***निशानची :*** निशानची की बात करें तो ये फिल्म अनुराग कश्यप में डायरेक्ट की है। यह फिल्म दो जुड़वा भाइयों की कहानी होगी। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म ऐश्वर्य की डेब्यू फिल्म होगी।

# 15 साल के जोनस कोनर की गायकी के कायल हुए सलमान



*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' से तो चर्चा में हैं ही। हाल ही में वो अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से नेटिजंस का ध्यान खींच रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने 15 साल के गायक जोनस कोनर को एक खूबसूरत अंदाज में बधाई दी है। साथ ही उन्होंने जोनस के कुछ गानों का भी जिक्र किया और उन्हें लोगों से प्रोस्ताहित करने के लिए कहा है। सलमान ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जोनस कोनर की तस्वीर साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने जोनस के तीन गानों का भी जिक्र किया है। अभिनेता ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने कभी किसी 15 साल के बच्चे को अपने दर्द को इतनी खूबसूरत तरीके से बयां करते नहीं देखा। भगवान तुम्हारा भला करे जोनस कोनर। बार-बार सुन रहा हूं, फादर इन ए बाइबल, पीस विथ पेन, ओह अप्पालाचिया। आगे उन्होंने कहा,ऐसे बच्चों को ना सपोर्ट किया तो फिर क्या किया। भाइयों और बहनो ये अंग्रेजी में हैं, यहां पर भी ऐसे बहुत हैं। उन्हें प्रोत्साहित करो शोषण नहीं। सलमान खान बैटल ऑफ गलवां फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चकुी है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म साल 2020 में भारत-चीन सरहद पर हुई झड़प पर आधारित होगी। इस झड़प में भारत के 20 सिपाही शहीद हो गए थे।*

## कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर फिल्मों का शुरू किया नया दौर

# नागिन से लेकर हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर रहे राजकुमार कोहली

*नई दिल्ली। राजकुमार कोहली हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 1970 और 80 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी फिल्में जैसे नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग और नौकर बीवी का ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। राजकुमार कोहली ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का नया दौर शुरू किया। सेट पर उनके किस्से उनकी मेहनत और जुनून को दर्शाते हैं। वे बॉलीवुड के एक ऐसे सितारे थे, जिनकी चमक आज भी फिल्म प्रेमियों के दिलों में बरकरार है।*



### पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की

राजकुमार कोहली का जन्म लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता भी फिल्म निर्माता थे, जिससे उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। उन्होंने पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की। निशि के साथ उनकी मुलाकात 1963 में फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों का प्यार परवान चढ़ा। उनके दो बेटे हैं - अरमान कोहली, जो एक अभिनेता हैं और रियलिटी शो बिग बॉस में नजर आए, और रजनीश कोहली।

### निशि के साथ रोमांस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर राजकुमार और निशि की लव स्टोरी शुरू हुई। सेट पर निशि की सादगी और मेहनत ने राजकुमार को प्रभावित किया। दोनों की जोड़ी सेट पर चर्चा का विषय बन गई थी। राजकुमार कोहली सेट पर बहुत अनुशासित थे, लेकिन अपने कलाकारों और क्रू के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते थे। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार कहा था कि कोहली सेट पर सख्ती से काम करवाते थे, लेकिन शूटिंग के बाद सबके साथ चाय पीते और मजेदार कहानियां सुनाते थे।

### निर्देशन में बनी फिल्में

राजकुमार कोहली एक मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता थे, जिन्होंने बॉलीवुड को कई यादगार फिल्में दीं। उन्होंने 1960 के दशक से फिल्म निर्माण शुरू किया और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों के लिए जाने गए। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं। इस लिस्ट में दुल्ला भट्टी, लुटेरा, नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग, नौकर बीवी का, राज तिलक, बीस साल बाद और उनकी आखिरी फिल्म जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी शामिल है।

***निधन :*** *राजकुमार कोहली का 93 साल की उम्र में निधन हो गया था। 24 नवंबर 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ था। राजकुमार कोहली की प्रेयर मीट में कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।*

### सपनी से की कॅरियर की शुरुआत

राजकुमार कोहली ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1963 में फिल्म 'सपनी' से की थी। उनकी पहली बड़ी सफलता 1966 में दुल्ला भट्टी और 1970 में लुटेरा से मिली। लेकिन, असली पहचान उन्हें 1976 में फिल्म 'नागिन' से मिली, जो उस समय की सुपरहिट फिल्म थी। उन्होंने बॉलीवुड में मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का चलन शुरू किया। उनकी फिल्मों में सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और रेखा जैसे बड़े सितारे शामिल थे। उनकी आखिरी फिल्म 2002 में 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' थी, जिसमें अक्षय कुमार, अरमान कोहली और सुनील शेट्टी जैसे सितारे थे।

### नागिन फिल्म का जादू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन की शूटिंग के दौरान सांपों को लेकर सेट पर काफी डर का माहौल था। अभिनेत्री रीना रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि असली सांपों के साथ शूट करना आसान नहीं था, लेकिन राजकुमार कोहली ने सबको हिम्मत दी और सीन को बेहद खास बनाया। उनकी हॉरर फिल्मों में तकनीक का कमाल और कहानी का रोमांच दर्शकों को खूब पसंद आया।

### मल्टी-स्टारर का मैनेजमेंट

राजकुमार कोहली मल्टी-स्टारर फिल्में बनाने में माहिर थे। सेट पर कई बड़े सितारों को एक साथ संभालना आसान नहीं होता था, लेकिन वे अपनी हंसी-मजाक और दोस्ताना व्यवहार से माहौल को हल्का रखते थे।

## खबर संक्षेप

### 284 श्रमिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**सक्ती।** श्रम विभाग द्वारा आर.के.एम. पावर जेन. कंपनी में श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 284 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा अनेक जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रम विभाग द्वारा आर.के.एम. पावर जेन. प्राईवेट लिमिटेड डभरा में श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में कुल 284 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान श्रमिकों को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान श्रमिकों को स्वास्थ्य जागरूकता तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई । यह परीक्षण प्रबंधन के उपस्थित डॉक्टर और ईएसआईसी के डॉक्टरों के माध्यम से किया गया । इस अवसर पर श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक एवं विभागीय कर्मचारी शिविर में उपस्थित रहे।

### स्वच्छता समाज की प्रगति का मूल आधार : डॉ. मेहता



**अकलतरा।** शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय, अकलतरा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मनेंद्र मेहता ने स्वयं स्वच्छता का पालन करते हुए पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार वर्मा, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।प्राचार्य डॉ. मेहता ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य से जुड़ी है बल्कि यह हमारे समाज की प्रगति का भी आधार है। कार्यक्रम के अंतर्गत परिसर की साफ-सफाई की गई तथा विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने हेतु संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

### पुरस्कृत शिक्षकों ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय अवॉर्डी टीचर्स का जिला प्रतिनिधि मंडल अरुण साव उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को जांजगीर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में अवॉर्डी संघ के जिला संरक्षक रमाकांत पांडेय, जिलाध्यक्ष डॉ.बोधीराम साहू,कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल,महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जयंती दुबे,संगठन सचिव बलराम जलतारे सहित प्रतिनिधि मंडल ने अवॉर्डी टीचर्स के 2 सूत्रीय मांगों को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को अवगत कराते हुए पूरा करने हेतु चर्चा किए। दो सूत्रीय मांग में राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों को 62 के स्थान पर 65 वर्ष में सेवानिवृत्ति दी जावे, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षको को पारी बाहर (आउट ऑफ टर्न) पदोन्नति दी जावे। आगे बताया गया कि अन्य प्रांतो में पुरस्कृत शिक्षको को यह लाभ दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी यह नियम लागू है। मध्यप्रदेश के जारी आदेशों की प्रति भी दी गई।उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि यदि ऐसा है तो मुख्यमंत्री से चर्चा कर पहल करेंगे।

शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन करने वाले 380 बच्चे चिंतित

# युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

युक्तियुक्तकरण होने के बावजूद भी शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में हिंदी, राजनीति, अर्थशास्त्र, भूगोल विषय शिक्षक नहीं होने के कारण 380 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

शासन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों को इधर से उधर किया गया है, ताकि स्कूल में शिक्षक की कमी पूरी की जा सके। पूर्व में शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में पर्याप्त शिक्षक उपलब्धहोने के कारण सभी विषय विशेषज्ञ शिक्षक के द्वारा पढाई कराया जा रहा था। जिसके कारण इस विघालय की परीक्षा परिणाम अन्य स्कूल से काफी बेहतर रहा है। इधर युक्तियुक्तकरण के तहत हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक शिक्षिका को अन्यत्र भेजा गया। वर्तमान में विद्यालय में हिन्दी, राजनीति, अर्थशास्त्र भूगोल विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं होने के कारण 380 छात्र-छात्राएं अपने पढ़ाई को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। वहीं शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका अतिरिक्त विषय को लेकर आनन फानन में विषय की पढ़ाई करा रहे हैं। जिला स्थायी समिति उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने अपने



अल्प प्रवास पर शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक समवेत स्वर में शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की थी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आश्वासन दिया था कि इस बारे में जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज को पत्राचार करके विद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी परन्तु आज डेढ़ माह से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी अभी तक विषय विशेषज्ञ शिक्षक की नियुक्ति नहीं हो पाया है, जिसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्रा अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। सबसे ज्यादा अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान नजर आ रहे है। वहीं उनमें रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि तिमाही परीक्षा शुरु होने वाली है। इधर शिक्षक नहीं होने से छात्रों का कोर्स कब और कैसे पूरा होगा सोचनीय विषय है। अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज से जल्द ही इस दिशा में ठोस पहल करने की बात कही है। इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं होने पर छात्र-छात्रा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

#### भेजे हैं जानकारी

शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में हिंदी, राजनीति, अर्थशास्त्र, भूगोल विषय के शिक्षक नहीं के बारे में जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई है।

- सुनील कुमार कुर्रे,
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डीडीएस उमावि बिर्रा


# जल स्त्रोत का पता नहीं, फिर भी बना दी लाखों रुपए की पानी टंकी

» अब तक पांच जगहों पर खोदे गये बोर से नहीं मिला एक बूंद पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह गांव में जल स्तर काफी नीचे होने के कारण यहां की हैंडपंपों और बोर से पर्याप्त मात्रा में लोगों को पानी नहीं मिलती। फिर भी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गलत जगह पर लाखों रुपये की लागत से पानी का स्त्रोत का पता लगाए बिना ही पानी टंकी का निर्माण करके शासन को चूना लगाया गया है और अब गांव में जगह जगह पानी का स्त्रोत खोजा जा रहा है। अब तक पीएचई विभाग ने पांच बोर का खनन कराया। मगर एक भी बोर से एक बूंद पानी नहीं निकला। ऐसे में यहां पर जल जीवन मिशन के तहत नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत निर्मित पानी टंकी और घर घर में दी गई नल कनेक्शन कौड़ी काम का नहीं है।

बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जाटा के आश्रित ग्राम बहेराडीह में करीब पांच साल पहले ही पीएचई विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जल प्रदाय योजना के तहत शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर में लाखों रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कार्य किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि गांव में प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन और चबूतरों का निर्माण भी कराया



गया है। लेकिन इस गांव में जल स्त्रोत की स्थिति के बारे में संबंधित अधिकारियों ने कभी विचार ही नहीं किया और बना दिये लाखों रुपए की लागत से पानी टंकी, बिछा दिये घरों घर नल कनेक्शन। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यहां पर बिना पानी का स्त्रोत का पता लगाए बगैर लाखों रुपए की लागत से गलत जगह पर पानी टंकी निर्माण और प्रत्येक घरों में नलजल कनेक्शन दिए जाने का काम करना सम्बंधित विभाग, ठेकेदार और गांव के कुछ नेताओं का पैसे कमाने का जरिया है। ऐसे जवाबदार विभाग के संबधित लोगों पर कार्यवाही होना चाहिए। जिन्होंने आम जनता के पैसे का नियम विरुद्ध गलत तरीके से बिना प्लान के खर्च करके शासन की छवि को धूमिल किया गया है। ग्रामीण रामबाई यादव, पुष्पा यादव, रामगोपाल यादव व मनीराम चौहान ने बताया कि पीएचई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार पानी का स्त्रोत पता लगा रहे हैं और जगह जगह बोर खनन करके खुला छोड़ रहे हैं। विभाग के इस तरह की काम का विरोध करते हुए खुला बोर को तत्काल बंद करने की मांग पर अड़ गए। तभी असफल बोर को बंद किया गया है ताकि सक्तीजिले के जैजैपुर ब्लॉक के पिहरीद गांव में हुए घटना का पुनरावृति न हो।

#### नहीं निकला पानी

पीएचई विभाग द्वारा पानी टंकी को भरने और नलजल कनेक्शन के माध्यम से घरों घर पानी प्रदाय करने के उद्देश्य से बोर खनन कराया गया। पांच सौ फीट गहराई खुदाई होने के बाद भी एक बूंद पानी नहीं निकला। इससे पहले भी चार साल के भीतर पांच बार खनन किया जा चुका है लेकिन सभी बोर असफल रहा। यहां पर लाखों रूपये की लागत से गलत जगह पर निर्मित पानी टंकी स्थानीय लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

-मुरित राम यादव,
पूर्व सरपंच बहेराडीह

## कोनारगढ़ में प्रज्जवलित होगा मनोकामना दीप, चल रही तैयारी

**मुलमुला।** मुख्य त्योहार मे से एक नवरात्रि को विशेष माना गया है। इस वर्ष की शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से प्रारंभ हो रही है । धनेश्वर निषाद ने बताया कि जिला



मुख्यालय जांजगीर से लगभग 40 किलो मीटर दूर अटिम छोर मे बसे ग्राम कोनार गढ़ में लीलागर नदी के तट पर बेल पेड़ के नीचे में बिराजमान आदि शक्ति देवी मां धुत्तीन दाई मंदिर में साफ-सफाई व रंग रोगन के कार्य मंदिर समिति केवट समाज द्वारा किया जा रहा हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी राम तिवारी ग्राम मुलमुला द्वारा पूजा अर्चना कराया जाएगा। मां धूत्तीन दाई मंदिर में घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त के शाथ नवरात्र प्रारंभ होगा। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व पर मंदिर के चारो तरफ को आकर्षण लाईट और झालर से सजाया जाएगा। मंदिर परिसर नदी के किनारे होने के कारण आकर्षण बन जाता है। नवरात्रि के दोनों पर्व पर भक्त गण दूर दूर से मां धत्तिन दाई मंदिर दर्शन करने पहुंचते है। इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह सैकड़ों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। मां के भक्त अपनी अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए रसीद कटवा रहे हैं। नवरात्रि 9 दिनों तक चलने वाले महा पर्व में भक्ति मय माहौल कोनार गढ़ में देखने को मिलता है । मंदिर परिसर में जसगीत, संगीत, कीर्तन-भजन चलता रहता है। महिला पार्टी के कार्यक्रम के लिए आसपास के ग्रामों द्वारा ओर कोनार गढ़ के द्वारा कार्यक्रम किया जाता है । व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु केंवट समाज द्वारा किया जाएगा।

## गुरु ही देश के भविष्य निर्माता : दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा शासकीय साहेब लाल गौतम उ.मा. शाला कापन में शिक्षक सम्मान व कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दीवान, डॉ इंद्रजीत कालेज के प्रोफेसर सुनील साहू , एन एस एस प्रभारी उपेंद्र वर्मा व अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के गौरव साहू के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में सतीश दीवान ने कहा

■ शिक्षक सम्मान व कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

कि पहले शिक्षा के लिए गुरुकुल पद्धति हुआ करती थी। हमारे देश के गुरुकुलों को को जला कर नष्ट कर दिया गया जिससे हमारे देश की शिक्षा प्रणाली को काफी नुकसान हुआ है। गुरु ही देश के भविष्य निर्माता है। प्रोफेसर सुनील साहू ने बच्चों को अपने कैरियर के प्रति सजग रहने के लिए कहा। अपने लक्ष्य का निर्धारण अभी से करते हुए उसको पाने के लिए अभी से कड़ी मेहनत करने की बात कही। उपेंद्र वर्मा ने बच्चों को मन लगा कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और कुछ बन कर समाज के लिए कुछ करने की प्रेणा दी।




सम्मान समारोह में शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि।

गौरव साहू ने अजीम प्रेम जी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे छात्रवृति व फाउंडेशन द्वारा संचालित कालेज जे बारे में बच्चों को अवगत कराया। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य राम रत्न कोसले ने वेल विशर फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यो को सहराहाना की। संस्था के सदस्य मोहन कश्यप ने कहा कि हमें सदैव हमारे गुरुजनो का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा एवं आभार प्रदर्शन सदस्य दीपक साहू ने किया। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, श्रीमती रंजना सिंह, मोहन कश्यप, सौरभ सिंह, सतीश मानिकपुरी, श्रीपाल सिंह, प्रेम निर्मलकर, शरद सिंह उपस्थिति थे।

**शिक्षकों का हुआ सम्मान-** कार्यक्रम के दौरान वेल विशर फाउंडेशन द्वारा रामरत्न कोसले प्रभारी प्राचार्य, सतीश कुमार स्वर्णकार, राज कुमार कौशिक, मनमोहन लाल टण्डन, विजय कुमार कश्यप,गोपाल प्रसाद मार्बल, श्रीमती हेमलता दिव्य, श्रीमती अंजुलता राठौड़,कुमारी शारदा कश्यप, श्रीमती बेबी फरीदा खान, श्रीमति रेणु मिश्रा, श्रीमती नेमा थवाईत, सौरभ सागर, श्रीमती अमिता सिंह, श्री मति निर्मला कश्यप,आशा किरण तिर्की, प्रफुला टोप्पो,प्रशांत साहू का सम्मान किया गया।

## स्वामी विवेकानंद ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना को पूरे विश्व में फैलाया

**अकलतरा।** भगत सिंह पब्लिक स्कूल विश्व बंधुत्व दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए में विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी छ ग विभाग के प्रमुख टिकेश्वर कौशिक ने कहा कि 11 सितंबर 1893 को शिकागो धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण को दुनिया भर में हर साल विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमें उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की भावना का प्रचार किया। प्राचार्य आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के गुरु महान तपस्वी तेजस्वी रामकृष्ण परमहंस ने कहा था कि भगवान सभी मनुष्य सभी दिन दुखियों सभी गरीब पिछड़ों में समाहित है और इनकी सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है। शाला के संचालक श्रीपाल सिंह ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने में उनका विशेष योगदान रहा । उन्होंने मात्र 39 वर्ष की अल्प आयु में विश्वविख्यात प्राप्त कर भारतीय संस्कृति को विश्वपटल के शिखर तक पहुंचाया कार्यक्रम का संचालन जयंत सिंह क्षत्रिय के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रुचिका तिवारी मश ने किया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## मानसिक स्वास्थ्य के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्वास्थ्य विभाग द्वारा यूनीसेफ के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार श्रीमती निधि दुबे द्वारा जिले के 45 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिलाओं के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य क्या है एवं इसका महत्व, किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभाव तथा संभावित सुझाव, आत्महत्या के मुख्य चिन्ह तथा रोकथाम में भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य कर्मचारी (आरचओ) की भूमिका, महत्वपूर्ण हेल्पलाईन,



महिलाओं को उन्मुखीकरण कार्यशाला में जानकारी देती स्वास्थ्य सलाहकार।

टेलीमानस तथा आनकाल आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार श्रीमती निधि दुबे, डीपीएम सुश्री किर्ती सहित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिलाए उपस्थित थे।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान ब्यास आचार्य ने सुनाई गोवर्धन लीला व रुक्मणी विवाह की कथा

**जांजगीर-चांपा।** नगर के वार्ड नंबर-5 स्थित बसई वाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को ब्यास आचार्य राम लखन शास्त्री ने गोवर्धन लीला, रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि गोवर्धन लीला (इंद्र के क्रोध से गोकुल की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाना) और रुक्मिणी विवाह (कृष्ण द्वारा विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी का शिशुपाल से होने वाले विवाह से हरण कर विवाह करना) दोनों का वर्णन मिलता है, जिसमें गोवर्धन कथा प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है और रुक्मिणी विवाह



लक्ष्मी के परमार्थ में प्रयोग और अभिमान त्यागने का महत्व बताता है। गोवर्धन प्रसंग की कथा सुनाते पं. शास्त्री ने ग बताया कि एक बार इंद्र के क्रोध से भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा से गोकुल वासियों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था। इस कथा के माध्यम से श्रीकृष्ण ने गोकुल वासियों को इंद्र की पूजा की बजाय गोवर्धन पर्वत और प्रकृति की पूजा करने का संदेश दिया। श्रीमद् भागवत कथा का समापन 14 सितंबर को हुआ।




## भगवान ने अर्जुन को निराशा से मुक्त करने दिया गीता ज्ञान : शशिप्रभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

हम सभी उस अर्जुन की तरह हैं जो युद्ध के मैदान पर धर्म और अधर्म के बीच खड़ा है और अधर्म की ओर खड़े अपने संबंधियों को देखकर युद्ध

■ ब्रह्माकुमारीज़ ओम शांति भवन द्वारा गीता ज्ञान का दूसरा दिन

करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। परन्तु यदि भारत में आदि सनातन देवी देवता धर्म अर्थात सत्य धर्म की स्थापना करनी है तो हमें अधर्म अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार रूपी बुराइयों पर जीत प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है।

अर्जुन के इस विषाद निराशा हताशा को दूर करने के लिए भगवान ने गीता का ज्ञान देकर उनके आत्मशक्ति को जगाया। उक्त बातें ब्रह्माकुमारीज़ ओम शान्ति भवन



गीता ज्ञान में उपस्थित नगरवासी।

खरौद नगर जरहापारा सेवाकेंद्र के द्वारा चल रहे सच्ची गीता सार सुखद जीवन का आधार के आध्यात्मिक रहस्यों द्वारा खुशहाल जीवन शिविर के दूसरे दिन लोगों को सम्बोधित करते हुए कथा वाचिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने कही। उन्होंने गीता के प्रथम अध्याय की शुरुआत करते हुए कहा कि ज़ब हम ध्यान की शुरुआत करते हैं तो विकार या आसक्ति हमें ध्यान करने से रोकती है। आसक्ति पूर्ण नहीं होती तो क्रोध आता है जिससे हमारी निर्णय शक्ति कम हो जाती है और हमें सफलता नहीं मिलती, हम जीवन का सही आनंद नहीं ले पाते। वर्तमान समय हर मानव धर्म और अधर्म के बीच खड़ा हुआ है हर एक का अंतर मन ही युद्ध क्षेत्र का मैदान बन चुका है जिसमें हर पल मां युद्ध चल रहा है। मनुष्य का जीवन संघर्ष बन चुका है। सत्य और असत्य के आसुरी संस्कार और दैवीय संस्कारों के बीच निरंतर युक्त चल रहे हैं। ऐसे में जो धीर पुरुष स्थिर बुद्धि होकर स्वधर्म में स्थित होकर अपने जीवन रूपी यज्ञ में युद्ध करता है अर्थात परमात्मा के आदेश और संदेश का अनुसरण करता है वह सदा विजयी बनता है। महाभारत का युद्ध केवल कौरव और पांडवों का युद्ध नहीं अपितु प्रीत बुद्धि विजयंती और विपरीत बुद्धि विनशन्ति अर्थात सत्य स्वधर्म और भगवान के साथ से विपरीत परिस्थितियों में भी विजय को प्राप्त किया जा सकता है इसका वास्तविक उदाहरण है। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजु दीदी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे राजयोग हीलिंग मेडिटेशन राजयोगिनी तपस्विनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी के द्वारा कराया जा रहा है, जिससे शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों से मुक्ति मिलती है।

